Naidunia (Indore), 06th September 2024, Naidunia City, Page- I

आइआइटी इंदौर के प्रो. आहूजा का सम्मान

डा. कपिल आहूजा को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु। ● सौजन्य

शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने बुधवार को देशभर के शिक्षकों को सम्मानित किया है, जहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग के प्राध्यापक डा. कपिल आहूजा को भी राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 दिया गया। यह चयन उच्च शिक्षा विभाग (शिक्षा मंत्रालय) ने किया है। प्रो. आहूजा के पास भारत और अमेरिका में 14 वर्षों का समृद्ध शिक्षण अनुभव है। वे आइआइटी इंदौर में गणित डाटा विज्ञान और सिम्युलेशन अनुसंधान प्रयोगशाला के प्रमुख हैं। उन्होंने संस्थान में पहला मास्टर आफ साइंस (एमएस रिसर्च) कोर्स शुरू किया है।